प्रेस नोट – थाना सदर बाजार

शाहजहांपुर पुलिस

दिनांक 14.05.2025

दिनांक 12.05.2025 को ग्राम शहबाजनगर में हुई हत्या का सफल अनावरण – थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा मय आला कत्ल अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 12.05.2025 की रात्रि ग्राम शहबाजनगर, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी । घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए **पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर** के निर्देशानुसार, **अपर पुलिस अधीक्षक नगर** के निर्देशन व **क्षेत्राधिकारी नगर के** निकट पर्यवेक्षण तथा **प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार** के कुशल निर्देशन में टीम गठित कर शीघ्र कार्रवाई की गई।

संक्षिप्त विवरण - :

दिनांक 13.05.2025 को थाना हाजा पर वादी सत्यपाल पुत्र झम्मनलाल निवासी मोहल्ला बेहटा ग्राम शहबाजनगर जनपद शाहजहाँपुर ने विपक्षीगण सन्तोष कुमार पुत्र बाबूराम व सन्तोष कुमार के चाचा पुत्तु पुत्र काशीराम द्वारा वादी के पुत्र कौशल उर्फ मंगल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम शहबाजनगर मोहल्ला बेहटा थाना सदर बाजार जिला शाहजहाँपुर की दिनांक 12.05.2025 को रात्रि 19.15 से 20.15 बजे के बीच हत्या कर देने के संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 276/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत कराया । जघन्य अपराध की गम्भीरता के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार के नेतृत्व में घटना का अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तत्काल टीम गठित की गयी ।

आज दिनांक 14.05.2025 को गठित पुलिस टीम द्वारा गहन जांच और लगातार प्रयास के बाद मुखबिर की सूचना, सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, मानव स्त्रोतों (मैनुअल इनपुट) और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त सन्तोष कुमार को नई बस्ती शहबाजनगर अंडरपास के पास निगोही रोड पर, कस्तूरबा विद्यालय की ओर जाने वाली सड़क से लगभग रात्री 03:30 बजे गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया लोहे का छुरा, एक लकड़ी का डंडा, और घटनास्थल पर उसकी नीले रंग की साइकिल भी बरामद की गई है।

आलाकत्ल की बरामदगी के आधार पर, मुकदमे में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की भी बढ़ोत्तरी की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त :-

सन्तोष कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मोहल्ला बेहटा ग्राम शहबाजनगर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 21 वर्ष ।

गिरफ्तारी स्थान व समय :-

दिनांक 14.05.2025 को समय करीब रात्री 03.30 बजे नई बस्ती शहबाजनगर अण्डर पास से निगोही रोड पर कस्तूरबा विधालय की ओर 50 कदम की दूरी पर

बरामदगी:-

1. घटना मे प्रयुक्त आला कत्ल एक अदद छुरा लोहा
2. घटना मे प्रयुक्त एक अदद डन्डा लकडी
3. एक अदद मोबाईल एन्ड्रायड
4. घटनास्थल से अभियुक्त सन्तोष कुमार की नीले रंग की साईकिल (रेन्जर)

आपराधिक इतिहास :-

1. मु0अ0सं0 579/2024 धारा 13 जुआ अधि0 थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर
2. मु0अ0सं0 276/25 धारा 103(1) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर

पूछताछ का विवरण

दिनांक 12.05.2025 को ग्राम शहबाजनगर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर में अभियुक्त **सन्तोष कुमार पुत्र बाबूराम** द्वारा अपने ही गाँव के युवक **कौशल उर्फ मंगल पुत्र सत्यपाल** की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसकी बहन (उम्र लगभग 17 वर्ष) से मृतक के प्रेम संबंधों की चर्चा गाँव में फैलने से उसकी व उसके परिवार की बदनामी हो रही थी, जिससे आक्रोशित होकर उसने हत्या की योजना बनाई।

अभियुक्त संतोष, जो उड़ीसा में एक पुल निर्माण कंपनी में हेल्पर का कार्य करता था, घटना के दिन ही गाँव लौटा । दिनांक 12.05.2025 को अभियुक्त ने मृतक कौशल को बहाने से अपने साथ गाँव के बाहर ले जाकर शराब पिलाई। अधिक नशा हो जाने पर, अभियुक्त ने पहले डंडे से सिर पर वार किया और फिर चाकू से गला एवं सीने में कई वार कर उसकी हत्या कर दी । हत्या के उपरांत अभियुक्त मौके से फरार हो गया और आला कत्ल (डंडा व चाकू) को झाड़ियों में छिपा दिया।

पुलिस द्वारा की गई विवेचना में अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर **हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल बरामद** कर लिया गया है। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने यह हत्या अकेले ही की, उसका कोई सहयोगी नहीं था।

अभियुक्तको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

थाना सदर बाजार

1.प्र0नि0 अरविन्द सिह चौहान
2.उ0नि0 सुनील कुमार मौर्य
3.उ0नि0 वेदपाल सिह पुण्ढीर
4. उ0नि0 सौरभ शुक्ला
5. का0 2271 रोहित कुमार
6. का0 2630 नितिन कौशिक
7. का0 2478 अंकित कुमार

फील्ड यूनिट टीम

1. हे0 का0 लवकेश कुमार
2. हे0का0 मुकेश यादव
3. का0 रविन्द्र कुमार
4.का0 विशाल चौधरी